कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/बी–2/45002/प्रधानाचार्य/स्थानान्तरण/2021 दिनांक 04.01.2021 द्वारा आशा सिंह, प्रधानाचार्य, श्री शिवनारायण केदार राबाउमावि कोलसिया, नवलगढ जिला झुन्झुनूं का स्थानान्तरण राउमावि रून जिला नागौर किया गया था। उक्त आदेश के विरूद्ध आशा सिंह द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 1740/2021 आशा सिंह बनाम राजस्थान राज्य व अन्य दायर की गई।

अपील में माननीय अधिकरण द्वारा जारी अन्तरिम आदेश दिनांक 31.03.2021 द्वारा विभागीय आलोच्य स्थानान्तरण आदेश दिनांक 04.01.2021 का प्रभाव एवं क्रियान्वयन अपीलार्थी आशा सिंह के पदस्थापन के सम्बन्ध में माननीय अधिकरण के आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है।

अतः माननीय अधिकरण के उक्त अन्तरिम आदेश की अनुपालना में आशा सिंह, श्री शिवनारायण केदार राबाउमावि कोलसिया, नवलगढ जिला झुन्झुनूं में प्रधानाचार्य के पद पर माननीय अधिकरण के अपील में पारित आगामी/अन्तिम निर्णयाधीन पूर्ववत पदस्थापित रहेंगी एवं दोहरे पदस्थापन के मद्देनजर श्री जयप्रकाश प्रधानाचार्य का अन्तरिम समायोजन राउमावि रून जिला नागौर में प्रधानाचार्य के पद पर किया जाता है।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस
निदेशक माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रमांकः शिविरा–मा./संस्था/बी–2/अपील/आशा सिंह/1740/2021/15 दिनांकः 02.08.2021

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, चूरू/अजमेर संभाग, चूरू/अजमेर।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, झुन्झुनूं/नागौर।
5. जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) माध्यमिक, झुन्झुनूं/नागौर।
6. सम्बन्धित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
7. जिला शिक्षा अधिकारी (विधि) माध्यमिक, जयपुर।
8. सहायक निदेशक, विधि अनुभाग कार्यालय हाजा।
9. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
10. सम्बन्धित प्रधानाचार्यों को आदेश की पालनार्थ।
11. निजी/रक्षित पत्रावली।

संयुक्त निदेशक(कार्मिक)